## सार-समाचार

### सत्यमित्रानंद गिरी की मूर्ति का अनावरण

**जोधपुर**, (कासं) । वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि विधान के साथ गुरुवार को पद्मभूषण निवृत शंकराचार्य ब्रह्मलीन स्वामी सत्यमित्रानंद गिरि महाराज की मूर्ति का अनावरण किया गया। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के कोषाध्यक्ष वेदमूर्ति आचार्य गोविंद देव गिरी महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरानंद ने गुरु के खड़ाऊ का पूजन कर मूर्ति का अनावरण किया। इस अवसर पर आचार्य गोविंददेव गिरी ने कहा कि विदेशी आक्रांताओं ने भारत की संस्कृति को नष्ट करने के प्रयास किया। सनातन धर्म को जातियों में बांटने का खेल खेला। अब समय आ गया है, भारत को एवं भारतीय संस्कृति को बचाना है। समन्वय सेवा ट्रस्ट इसके लिए कार्य कर रही है। सभी हिन्दू सनातनियों को एक हो कर सनातन की गूंज पूरे विश्व में फैलानी है। महामंडलेश्वर अखिलेश्वरानंद गिरि महाराज, शिवात्मानंद गिरि, ज्ञान आत्मानंद महाराज आचार्य रामानुज ने भी अपने संबोधन में सनातन धर्म की रक्षा के लिए समन्वय एवं सामाजिक समरसता की जरुरत पर बल दिया और स्वामी सत्यमित्रानन्द गिरि महाराज के सपने को साकार करने का आ ान किया। इस अवसर पर समन्वय धाम को आकर्षक रोशनी एवं फूलों से सजाया गया। मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में संतवृंद, गुरु भक्त, शहर के प्रबुद्धजन भी शामिल हुए।

### प्रधानाचार्य को ए.पी.ओ. करने से रोष

**सायला**, (निसं)। जसवंतपुरा में पीएम श्री विद्यालय के प्रधानाचार्य वि मसिंह चारण को एपीओ करने के विरोध में गुरूवार को शिक्षकों एवं विभागीय कर्मचारियों द्वारा शिक्षामंत्री के नाम उपखण्ड अधिकारी सूरजभान बिश्नोई को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया कि जसवंतपुरा में पीएम श्री विद्यालय के प्रधानाचार्य विक्रमसिंह चारण को राजकार्य में बाधा का आरोप लगाकर बिना उनका पक्ष सुने निदेशालय में एपीओ किया गया है। जिसको लेकर क्षेत्र के शिक्षकों एवं विभागीय कर्मचारियों में आ ोश है। ज्ञापन में छात्र एवं विद्यालय हित को देखते हुए तुरंत एपीओ आदेश को निरस्त कर प्रधानाचार्य चारण का मूल स्थान पर पदस्थापन करने की मांग की है। इस दौरान किशोरसिंह राजपुरोहित, विक्रमसिंह राजपुरोहित, शैलेंद्रसिंह पुनावास, दीपसिंह मोरुआ, दशरथसिंह, छैलसिंह हरमू, दशरथसिंह नरपुरा, सुरेश मेघवाल, ओमप्रकाश चौधरी, वि मसिंह हरमू, आवडसिंह नरपुरा, महेंद्रसिंह नरपुरा, मेघसिंह दहिया, महेश कुमार, भंवरसिंह, वि मसिंह जाजुसन, रघुवीरसिंह, रमेशसिंह, जयदीपसिंह देवडा, अशोक लोहार, मांगीलाल माली, सुरेंद्रसिंह आदि मौजूद रहे। वहीं राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील जालोर के मुख्य महामंत्री पूनमचंद बिश्नोई के अनुसार समय रहते प्रधानाचार्य को न्याय नहीं दिया गया तो संगठन प्रशासन के खिलाफ जोरदार आंदोलन एवं संघर्ष करेगा।

### महिलाओं को निःशुल्क यात्रा 8 को

**जालोर**, (कासं)। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च को प्रदेश में महिलाएं एवं बालिकाएं राजस्थान रोडवेज की बसों में निःशुल्क यात्रा कर सकेगी। इसके लिए बुधवार को रोडवेज अध्यक्ष शुभ्रा सिंह के निर्देशों पर आदेश जारी किए। रोडवेज के प्रबन्ध निदेशक पुरुषोत्तम शर्मा ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च को राजस्थान रोडवेज की समस्त साधारण एवं द्रुतगाती (एक्सप्रेस) बसों (वातानूकुलित एवं वोल्वो के अतिरिक्त) में राज्य की सीमा में यात्रा करने वाली समस्त महिलाओं एवं बालिकाओं को एक दिवस के लिये निःशुल्क यात्रा सुविधा दी जावेगी। राज्य की सीमा का तात्पर्य यह है कि उदाहरणस्वरूप कोई महिला जयपुर से दिल्ली राजस्थान रोडवेज में यात्रा कर रही है, तो जयपुर से राजस्थान में अन्तिम बस स्टॉप तक यात्रा निःशुल्क होगी, राजस्थान से बाहर निकलते ही दिल्ली तक का टिकट लेना पडेगा। रोडवेज की कार्यकारी निदेशक (यातायात) डॉ. ज्योति चौहान ने बताया कि इस योजना के तहत राजस्थान राज्य की भौगोलिक सीमा के भीतर संचालित साधारण एवं द्रुतगति बसों (वातानुकूलित बसों को छोडकर) में सभी महिलाओं और बालिकाओं को फ्री यात्रा की सुविधा दी जाएगी।

### इंस्टाग्राम आईडी हैक कर मैसेज डाले

**जोधपुर**, (कासं) । शहर की एक महिला ने तीन युवकों और एक युवती के खिलाफ उसका इंस्टाग्राम अकाउण्ट हैक कर आपत्तिजनक पोस्ट करने और धमकाने का केस दर्ज कराया है। पीड़ित युवती की रिपोर्ट पर पुलिस ने जांच आरंभ की है। इस बारे में आईटी एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया है। सरदारपुरा बी रोड पर रहने वाली एक महिला ने बताया कि 10 दिसंबर से 28 जनवरी के बीच में किसी ने उसकी इंस्टाग्राम आईडी को हैक कर दिया। बाद में उस पर आपत्तिजनक पोस्ट डाले। उसको पता लगने पर बात की तो कुछ लोगों ने जान की धमकी भी दी। उसने कुछ लोगों जिनमें राकेश, पंकज, अंकित और एक युवती को नामजद कर रिपोर्ट दी है। सरदारपुरा थानाधिकारी शेषकरण इसमें जांच कर रहे है। फिलहाल कोई हाथ नहीं लगा है। शहर के चौपासनी हाउसिंग बोर्ड थाने में भी एक महिला ने आपत्तिजनक मैसेज भेजकर परेशान करने का आरोप लगाया है।

### मधुमक्खियों के हमले में चरवाहा घायल

**पाली**, (नि.सं.)। पाली में मधुमक्खियों के हमले में एक चरवाहा घायल हो गया। जिसे गुरुवार दोपहर को इलाज के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया। जहां उसकी बॉडी में लगे मधुमक्खियों के डंक निकाले गए। जानकारी के अनुसार पाली जिले के सवाईपुरा (रोहट) के निकट गुरुवार दोपहर को पेमाराम (40) पुत्र लाबूराम बकरियां चरा रहा था। इस दौरान दो बकरियां एक झाड़ पर चढ़ गईं। इससे झाड़ पर लगा मधुमक्खियों छत्ता नीचे गिर गया और मधुमक्खियों ने बकरियां चरा रहे पेमाराम पर हमला कर दिया। इस हमले से बचने के लिए वह खेत में बनी झोपड़ी में घुसा और वहां पड़ा तिरपाल ओढ़ लिया। इससे कुछ बचाव हो गया। इस हादसे में उसकी बॉडी और चेहरे पर जगह-जगह मधुमक्खियों ने काट लिया। जिससे उसे बॉडी में जलन हुई। पड़ोसी और रिश्तेदार उसे गुरुवार दोपहर को इलाज के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। जहां उसका इलाज शुरू किया गया।

### विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित

**जालोर**, (कासं)। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में 15वें वित्त आयोग एवं जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग की बैङ्गक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने 15वें वित्त आयोग व ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर आावश्यक निर्देश दिए। उन्होंने जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग की बैठक में बालकों के प्रति हो रहे अपराधों की रोकथाम एवं संरक्षण के क्षेत्र में हो रहे कार्यों की समीक्षा भी की। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजोरा, उप पुलिस अधीक्षक गौतम जैन, बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक राजीव कुमार सुथार, किशोर गृह की अधीक्षक मौर कंवर आदि उपस्थित रहे।

### राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े जोधपुर पहुंचे

**जोधपुर**, (कासं) । राज्यपाल हरिभाऊ बागडे गुरुवार को जोधपुर पहुंचे। वे दो दिवसीय जोधपुर प्रवास पर रहेंगे। राज्यपाल के गुरुवार को जोधपुर पहुंचने पर एयरपोर्ट पर उन्हें गार्ड ऑफ आनर दिया गया। इस अवसर पर संभागीय आयुक्त डॉ.प्रतिभा सिंह, आईजी (रेंज) विकास कुमार,जिला कलैक्टर गौरव अग्रवाल,पुलिस आयुक्त राजेंद्र सिंह, डीआईजी आलोक श्रीवास्तव सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने उनकी अगवानी की। राज्यपाल 7 मार्च को प्रात: 8.10 बजे सर्किट हाउस जोधपुर से एयरपोर्ट के लिए रवाना होकर 8.30 बजे राज्य विमान से जैसलमेर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### जोधपुर में 9 मार्च को जलापूर्ति बंद रहेगी

**जोधपुर**, (कासं) । ग्रीष्म ऋतू के लिए जल भंडारण एवं जोधपुर शहर के फिल्टर प्लांट, पम्प हाउस, पाईप लाईनों के अति आवश्यक रख रखाव व सफाई के लिये 9 मार्च को जोधपुर शहर के समस्त फिल्टर हाउस से सभी क्षेत्रों मे जलापूर्ति बन्द रहेगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार जोधपुर शहर के कायलाना, चौपासनी व सुरपुरा फिल्टर हाउस से संबन्धित क्षेत्रों में 9 मार्च की जलापूर्ति 10 मार्च को तथा 10 मार्च को होने वाली जलापूर्ति 11 मार्च को की जावेगी।

### विश्वेश्वर मंदिर में फागोत्सव नौ को

**जोधपुर**, (कासं) । शहर के भदवासिया विश्वकर्मा नगर द्वितीय स्थित विश्वेश्वर महादेव मंदिर में रविवार 9 मार्च को फागोत्सव मनाया जायेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंदिर के पुजारी देवीदास वैष्णव और जितेन्द्र भाटी ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार को महिला मंडली की ओर से विभिन्न भक्तिमय भजनों के साथ भगवान को रंग-गुलाल लगाकर फागोत्सव मनाया जायेगा।

# सामुदायिक उत्थान की योजनाएं लोगों तक पहुंचे : राज्यपाल

**जोधपुर**, (कासं)। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने क्षेत्रीय विकास एवं सामुदायिक उत्थान की योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचाकर खुशहाली लाने के लिए समन्वित एवं समर्पित प्रयासों को और अधिक तेजी प्रदान करने का आव्हान किया है। राज्यपाल गुरुवार को जोधपुर में मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह बात कही।

बैठक में जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल, जोधपुर विकास प्राधिकरण के आयुक्त उत्साह चौधरी, नगर निगम (उत्तर-दक्षिण) के आयुक्त सिद्धार्थ पालानीचामी, अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रथम) जवाहर चौधरी, अतिरिक्त जिला कलेक्टर (द्वितीय) सुरेंद्र पुरोहित सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में पीपीटी के माध्यम से जिले में संचालित केंद्र एवं राज्य प्रायोजित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की जानकारी दी गई।

राज्यपाल ने केन्द्र और राज्य प्रायोजित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की अद्यतन प्रगति एवं प्रापत उपलब्धियों, भौगोलिक परिस्थितियों एवं संसाधनों की कमी से प्रभावित क्षेत्र में सामाजिक आर्थिक स्तर में सुधार हेतु योजना एवं कार्यक्रम, स्थानीय नागारिकों के पलायन को रोके जाने के लिए किये जा रहे प्रयास तथा हिन्दू विस्थापितों की स्थिति एवं सुरक्षा पर्यवेक्षण सहित विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा की और समसामयिक हालातों पर जानकारी ली। राज्यपाल ने इस दौरान विशेषकर महात्मा गांधी नरेगा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास कार्यक्रम, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, स्वामित्व योजना ग्रामीण, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (जल ग्रहण घटक), पुनरुत्थान वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस), सॉयल हैल्थ कार्ड योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, उद्यान विभाग की योजनाओं नेशनल हैल्थ मिशन, यूनिसर्वल इम्यूनाइजेशन प्रोग्राम (यूआईपी), बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री खनन क्षेत्र कल्याण योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना/जीवन ज्योति बीमा योजना, ई-नाम परियोजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना सहित विभिन्न केन्द्र व राज्य प्रायोजित योजनाओं की बिंदुवार विस्तार से समीक्षा की और इनमें लक्ष्यों की समय पर प्राप्ति के निर्देश दिए।

## उन्नत राजस्थान उन्नत जालोर मेगा प्रदर्शनी शुरू

**जालोर**,(कासं)। जालोर-सिरोही सांसद लुंबाराम चौधरी के मार्गदर्शन में जालोर के गिटाला रिसॉर्ट में उन्नत राजस्थान उन्नत जालोर प्रदर्शनी का भव्य शुभारम्भ गुरुवार को सांसद लुंबाराम चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रविन्द्र सिंह बेंलावत के कर कमलों से दीप प्रज्जवलन के साथ शुभारम्भ हुआ।

कार्यक्रम के संयोजक प्रकाश छाजेड ने बताया कि केंद्र सरकार एवं राज्यसरकार के जनकल्याणकारी योजनाओ की मेगा प्रदर्शनी का 3 दिवसीय शुभारम्भ किया हुआ । शुभारम्भ कार्यक्रम में सांसद लुंबाराम चौधरी ने कहा कि केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ग के हितों को ध्यान में रखते हुए विकास की अनेकों योजनाएं लागू की गई है जिसका लाभ आम जनता को मिल रहा है। इस प्रदर्शनी में 65 स्टॉल के माध्यम से देश में हो रहे औद्योगिक बदलाव सहित विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगे है जिससे आधुनिक तकनीकी की जानकारी प्राप्त होगी। राजस्थान में डबल इंजन की सरकार द्वारा किसान , युवा , महिला, बुजुर्ग छात्र छात्राओं के विकास के लिए कार्य किया जा रहा है जिसके सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का मूलमंत्र ही सेवा है। राजस्थान की भाजपा सरकार द्वारा इस बजट में जालौर जिले को अनेकों सौगात दी गई है एवं आगे भी जिले के विकास के लिए सरकार हर संभव प्रयास करेगी। राजस्थान में भाजपा सरकार बनने के बाद पेपरलीक , जैसी घटनाओं पर लगाम लगी है। प्रतियोगी परीक्षाएं सुव्यवस्थित एवं अनुशासन पूर्ण सम्पन्न हो रही है । कांग्रेस की निकम्मी सरकार में प्रतिदिन पेपर लीक के मामले होते थे जिस पर भाजपा सरकार द्वारा पूर्ण अंकुश लगाया गया है। रविन्द्र सिंह बालावत ने संबोधित करते हुए कहा कि देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश सोने को चिडिया बनने एवं विश्वगुरु बनने की तरफ अग्रसर है। हाल ही में उत्तरप्रदेश के प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में सरकार द्वारा हुई व्यवस्थाओं को ऐतिहासिक बताया। इस प्रदर्शनी के माध्यम से कृषि रक्षा कौशल औद्योगिक, प्रदर्शनी का आयोजन हो रहा है । वही आमजन के लिए 7 व 8 मार्च को प्रदर्शनी खुली रहेगी। वे दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक निशुल्क प्रदर्शनी का अवलोकन कर सकेंगे ।

इस दौरान सांसद लुंबाराम चौधरी, जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित, रवींद्र सिंह बालावत, भूपेंद्र देवासी, प्रयास कंपनी के सीओ विनीश गुप्ता, प्रवीण, खेमराज देसाई,हरीश राणावत, मंजू मेघवाल, डिम्पल सिंह चौहान, महेंद्र मुनोत, भूरसिंह देवकी मुकेश राजपुरोहित, मंजू सोलंकी, सुशीला सेन, गजेन्द्रसिंह सिसोदिया रवि सोलंकी, सुरेश सोलंकी,पार्षद दिनेश बारोट गीता बारोट दिनेश महावार, सहित भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अत्याधुनिक नेत्र चिकित्सा विभाग का उद्घाटन एवं भामाशाहों का सम्मान

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। पिछले 30 वर्षों से चिकित्सीय सुविधाएं प्रदान करने को लेकर सेवारत श्री माहेश्वरी हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर प्रांगण में आज गुरुवार को अत्याधुनिक नेत्र चिकित्सा विभाग का उद्घाटन एवं भामाशाहों का सम्मान समारोह किया।

आयोजन श्रीमती उमा घुरका (डायरेक्टर थर्मा केबल्स लि. एवं सीमेन्ट लि.) व प्रतापसिंह सोलंकी जिला प्रमुख, जैसलमेर डा. राजेन्द्र पालीवाल सीएमएचओ के विशिष्ट आतिथ्य में हुआ।

सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर शाल ओढ़ा कर स्मृति चिन्ह दे कर सम्मान किया गया। भगवान महेश की पूजा अर्चना की गई। भामाशाह नन्दकिशोर घुरका, मोहनलाल डांगरा, उमा घुरका एवं जिला प्रमुख प्रतापसिंह सोलंकी, डॉ. राजेन्द्र पालीवाल सीएमएचओ द्वारा फीता काट कर आई ब्लॉक का उदघाटन किया।

आयोजन में रघुनाथसिंह मोहता के नाती कपिल माहेश्वरी का पूर्व में डायलेसिस ब्लॉक में दिए गए योगदान के लिए माल्यार्पण कर शाल ओढा कर स्मृति चिन्ह दे कर सम्मान किया गया।

ज्ञात रहे कि रघुनाथसिंह मोहता की पुत्री कृष्णा द्वारा हॉस्पिटल निर्माण समय के दौरान प्रसूति गृह निर्माण का योगदान दिया गया है। आई ब्लॉक के उपकरण के लिए प्रवीण माहेश्वरी बी., अशोक बिसानी, मोहनलाल डांगरा, डायलेसिस ब्लॉक के लिए बंशीलाल राठी, निर्मल, कपिल माहेश्वरी, सुशीला सांवल, कृष्णकुमार मालपानी द्वारा सहयोग दिया गया।

पूर्व में हॉस्पिटल में सोलर प्लांट भेंट करने के उपलक्ष में चम्पालाल सारडा की अनुपस्थिति में उनके पुत्र सुरेन्द्र सारडा का माल्यार्पण कर शाल ओढा कर स्मृति चिन्ह दे कर सम्मान किया गया।

आयोजन में श्री माहेश्वरी हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर ट्रस्ट चैयरमेन कन्हैयालाल चांडक, सचिव प्रकाशचन्द्र कोठारी ने आगूत्नकों का आभार व्यक्त किया।

## कोर्ट के आदेशों की पालना बाबत शपथ पत्र पेश करने का आदेश

**जोधपुर**, (कासं) । राजस्थान उच्च न्यायालय की खंडपीठ के वरिष्ठ न्यायाधीश चंद्रशेखर और न्यायाधीश चंद्रशेखर शर्मा ने राज्य सरकार के उपभोक्ता मामलात विभाग को राज्य उपभोक्ता आयोग और जिला उपभोक्ता आयोग के 87 रिक्त पदों को 28 फरवरी तक भरने और राज्य आयोग की जोधपुर पीठ के समुचित व सुविधापूर्ण भवन बाबत खंडपीठ के पूर्व आदेशों की पालना बाबत शपथ पत्र सोमवार तक पेश करने का आदेश दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राजस्थान हाइकोर्ट एडवोकेट्स एसोसिएशन द्वारा दायर जनहित याचिका पर बहस करते हुए अधिवक्ता अनिल भंडारी ने कहा कि पिछले एक दो साल से राज्य उपभोक्ता आयोग में तीन न्यायिक सदस्य, चार गैर न्यायिक सदस्य तथा जिला उपभोक्ता आयोग में जोधपुर में दो अध्यक्ष सहित 21 अध्यक्ष और जोधपुर में चार सदस्य सहित 59 सदस्यों के रिक्त पदों पर नियुक्ति नहीं होने से उपभोक्ता अधिनियम के त्वरित न्याय का उद्देश्य समाप्त सा हो गया है।

गत 18 नवंबर को खाद्य नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता मामलात विभाग के प्रमुख शासन सचिव सुबीर कुमार ने वीसी के जरिए खंडपीठ के समक्ष हाजिर होकर विश्वास दिलाया था कि 28 फरवरी तक 87 पदों की नियुक्तियां जारी कर दी जाएंगी, लेकिन अभी तक नियुक्ति आदेश जारी नहीं हुए हैं।

खंडपीठ ने अपने पूर्व के आदेशों में जोधपुर में राज्य आयोग पीठ के वास्ते पर्याप्त और सभी सुविधा से परिपूर्ण भवन बनाने के निर्देश दिए, लेकिन इसकी भी पूर्ण पालना नहीं हुई है।

राज्य सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सहायक महाधिवक्ता राजेश पंवार ने कहा कि सभी रिक्त पदों की लिखित परीक्षा होने पर सफल उम्मीदवारों के साक्षात्कार पूर्ण होकर पत्रावली मुख्यमंत्री कार्यालय स्वीकृति वास्ते प्रेषित कर दी गई है।

इसलिए आदेश की पालना वास्ते समय दिया जाए। राजस्थान उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने इस पर न्यायालय के आदेशों की पालना बाबत आगामी पेशी सोमवार 10 मार्च तक हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया।

## चिकित्सा एवं परामर्श शिविर कल लगेगा

**पाली**, (नि.सं.)। नया गांव स्थित पाली सेवा मंडल अस्पताल में शनिवार को विशाल चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा।

पाली सेवा मंडल अस्पताल एवं अनंता अस्पताल, राजसमंद के संयुक्त तत्वावधान में दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक आयोजित होने वाले इस एक दिवसीय शिविर में वरिष्ठ चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे। सेवा मंडल के प्रमोद जेथलिया ने बताया कि इस शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर योगेंद्र सिंह राणावत, पेट एवं उदर रोग विशेषज्ञ डॉक्टर हेमंत जैन, मूत्र एवं किडनी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अखिलेश त्रिपाठी रोगियों की जांच कर उन्हें परामर्श प्रदान करेंगे। जेथलिया ने बताया कि पाली सेवा मंडल अस्पताल में प्रत्येक माह के दूसरे शनिवार को ये वरिष्ठ चिकित्सक अपनी सेवाएं दे रहे हैं। पाली सेवा मंडल अस्पताल में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत सभी प्रकार के ऑपरेशन एवं इलाज निशुल्क किया जा रहा है, अस्पताल में फिजिशियन, हड्डी रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं दंत रोग विशेषज्ञ की सेवाएं उपलब्ध हैं।

## 'पंजीकरण प्रमाण-पत्र एक मौलिक योग्यता ना होकर मात्र एक लिपिकीय औपचारिकता'

**जोधपुर**, (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट के न्यायाधीश अरुण मोंगा ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा है कि नर्सिंग काउंसिल पंजीकरण प्रमाण-पत्र जारी करना एक लिपिकीय औपचारिकता है, ना की एक वास्तविक आवश्यक योग्यता।

उन्होंने वैद्य नर्सिंग पंजीयन प्रमाण पत्र नहीं होने की स्थिति में अभ्यर्थी को नर्सिंग ऑफिसर के पद पर अस्थायी नियुक्ति देने के आदेश दिए हैं।

शास्त्रीनगर जोधपुर निवासी प्रमिला चौधरी की ओर से अधिवक्ता यशपाल ख़िलेरी ने हाईकोर्ट में एक रिट याचिका दायर कर बताया कि चिकित्सा विभाग द्वारा नर्सिंग ऑफिसर के 6981 पदों के लिए जारी विज्ञिप्त में आवश्यक योग्यता सीनियर सेकेंडरी और समकक्ष, नर्सिंग डिप्लोमा और नर्सिंग काउंसिल में पंजीयन रखी गई। याचिकाकर्ता के नर्सिंग डिप्लोमा का पंजीयन राजस्थान नर्सिंग काउंसिल जयपुर के कार्यालय में हो गया था और समय समय पर नर्सिंग काउंसिल द्वारा नवीनीकृत किया जाता रहा। वर्तमान में 31 दिसंबर 2024 तक नवीनीकृत किया हुआ था। नर्सिंग ऑफिसर पद के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 11 जून 2023 थी और इस कट ऑफ तारीख़ को याचिकाकर्ता के पास राजस्थान नर्सिंग काउंसिल द्वारा जारी वैद्य नवीनीकृत रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र उपलब्ध था। ऐसे में याचिकाकर्ता हर तरह से योग्य अभ्यर्थी है। इसी प्रमाण पत्र के आधार पर याचिकाकर्ता 28 दिसंबर 2019 से राजकीय चिकित्सालय में नर्सिंग ऑफिसर के अस्थायी संविदा पद पर कार्यरत है। बावजूद इन सभी परिस्थितियों के राजस्थान नर्सिंग काउंसिल द्वारा एनओसी जारी होना कहकर पंजीयन प्रमाणपत्र को निष्क्रिय बता देने पर निदेशक, सीफू, जयपुर ने याचिकाकर्ता को नर्सिंग ऑफिसर भर्ती 2023 की चयन प्रक्रिया से बाहर कर दिया गया जो अवैध, असवैधानिक और मनमाना होने से याचिकाकर्ता ने रिट याचिका पेश की गई।

सुनवाई के पश्चात न्यायाधीश अरुण मोंगा की एकलपीठ ने रिट याचिका स्वीकार करते हुए यह प्रतिपादित किया कि पंजीकरण प्रमाण-पत्र एक मौलिक योग्यता न होकर मात्र एक लिपिकीय औपचारिकता है। इस संबंध में कोई परीक्षा या साक्षात्कार आयोजित नहीं किया जाता है। इसके बजाय, यह केवल आवेदक की शैक्षिणक योग्यता के आधार पर प्रदान किया जाता है। एकलपीठ ने राज्य सरकार को 30 दिन के भीतर भीतर इलेक्ट्रिक मोड यानी ई-मेल, व्हाट्सएप या टेलीफोन आदि के माध्यम से पंजीयन प्रमाण पत्र का लंबित सत्यापन पूरा कर याचिकाकर्ता को अंतिम कटऑफ को वैद्य पंजीयन प्रमाण पत्र होने पर नर्सिंग ऑफिसर पद पर सभी परिलाभों सहित नियुक्ति देने का आदेश दिया और साथ ही अगर वैद्य प्रमाण पत्र नहीं होने की स्थिति में प्रमाण पत्र पेश कर देने की अंडरटेकिंग लेकर अस्थायी नियुक्ति आदेश जारी करने के आदेश दिए।

## 11 विशिष्ट महिलाओं का सम्मान होगा

**जोधपुर**, (कासं) । जोधपुर के सामाजिक संगठन सत्यमेव जयते सिटिजन सोसायटी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर 11 विशिष्ट महिलाओं का सम्मान जोधपुर के नवजीवन लव कुश संस्थान परिसर में किया जाएगा।

संस्थान अध्यक्ष विमला गट्टानी तथा सचिव चंद्र किरण दवे ने बताया कि राजस्थान उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधिपति और राज्य मानवाधिकार आयोग के पूर्व अध्यक्ष गोपाल कृष्ण व्यास की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले इस महिलाओं के सम्मान समारोह की मुख्य अतिथि राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय की रजिस्ट्रार सुनीता पंकज होंगी, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में नवजीवन लव कुश संस्थान के प्रभारी राजेंद्र सिंह परिहार होंगे। लवकुश परिवार के दिव्यांगों से लेकर नवजात बच्चों को अपने परिवार के बच्चों की तरह परवरिश करने से लेकर बड़े होते बच्चों को शिक्षा और संस्कार से जोडक़र रखने के साथ रोजगार से जोडऩे के बाद विवाह और उसके बाद प्रसव तक की एक एक भूमिका निभाने वाली महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा।

## चौखा के व्यवसायिक व सुविधा क्षेत्र के भूखंडों की नीलामी का उत्साह

**जोधपुर**, (का.सं.)। जोधपुर विकास प्राधिकरण द्वारा आयोजित भव्य ई-नीलामी कार्यक्रम माह फरवरी-अप्रैल 2025 के अन्तर्गत प्राधिकरण की महत्वकांक्षी व्यवसायिक योजना खसरा नं. 701 ग्राम चौखा के व्यवसायिक भूखण्डों की नीलामी के क्रम में प्राधिकरण द्वारा शुक्रवार को व्यवसायिक भूखण्ड संख्या 50, 51, 52, 53 व 68 की नीलामी की जाएगी। प्राधिकरण द्वारा गुरूवार एवं बुधवार को 04 व्यवसायिक भूखण्डों को नीलामी के जरिये विक्रय किया गया।

प्रभारी अधिकारी नीलामी शाखा संदीप सान्दू ने बताया कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम चौखा के व्यवसायिक भूखण्डों की नीलामी हेतु आमजन में उत्साह एवं भारी रूझान निरन्तर जारी है। व्यवसायिक भूखण्डों की ई-नीलामी में प्राधिकरण को 90000/-रूपए प्रति वर्गमीटर तक की उच्चतम बोली दर प्राप्त हुई। ई-नीलामी से संबंधित विस्तृत जानकारी, नियम एवं शर्तें प्राधिकरण की वेबसाईट पर देखी जा सकती हैं।

**व्यवसायिक एवं सुविधा क्षेत्रों क्लब हाउस, कम्युनिटी सेन्टर, किंडर गार्टन स्कूल, डिस्पेंसरी के भूखण्डों की भव्य ई-नीलामी**

प्राधिकरण द्वारा व्यावसायिक परिवहन नगर आंगणवा/ट्रांसपोर्ट/ऑटोमोबाईल नगर योजना ग्राम आंगणवा के भूखण्डों तथा विभिन्न योजनाओं यथा राजस्व ग्राम उचियारडा के खसरा नं. 77/4, राजस्व ग्राम बनाड़ के खसरा नं. 162, 163, 164 व 166, राजस्व ग्राम झालामण्ड आशापूर्णा अनमोल मुख्यमंत्री जन आवास योजना, आदित्य इण्डस्ट्रीयल एस्टेट राजस्व ग्राम सालावास के खसरा नं. 52/4, 52/5, 53/4, 53/5 एवं राजस्व ग्राम भैंसेर कुतड़ी के खसरा नं. 211/114 273/116 वगैरह एम.एस.एम.ई. योजना के सुविधा क्षेत्रों में स्थित भूखण्डों को क्लब हाउस, कम्युनिटी सेन्टर, किंडर गार्टन स्कूल, डिस्पेंसरी इत्यादि प्रयोजनार्थ ई-नीलामी के जरिये विक्रय किया जाएगा।

## अवैध डोडा पोस्त व शराब बरामद, तीन गिरफ्तार

**जोधपुर**, (कासं) । मादक पदार्थों को लेकर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध डोडा पोस्त और शराब जब्त की है। पुलिस ने तीन लोगों को भी पकड़ा। मथानिया थानाधिकारी जयकिशन ने जटिया फाटक मथानिया के पास अवैध रूप से डोडा पोस्त के साथ माणकलाव निवासी पप्पूराम पुत्र उदाराम जाट को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 300 ग्राम डोडा पोस्त जब्त किया। बाद में उसे जमानत आरोपी को रिहा किया गया। इधर करवड़ थाने के हैड कांस्टेबल सुखराम ने बासनी लाच्छा क्षेत्र में अवैध रूप से शराब बेच रहे विनोद पुत्र पप्पूराम भील को गिरफ्तार कर बेचने को रखे 30 पव्वे देशी शराब के जब्त किए। वहीं एयरपोर्ट थाने के एसआई पूर्ण सिंह ने सांसी कॉलोनी पांच बत्ती से सीता सांसी को गिरफ्तार किया।

**विवाधको स्थिरिकरण के लिए सम्मन**

न्यायालय : सहायक कलेक्टर (एस.डी.ओ)
आहोर, जिला - जालोर (राज.)

पीठानसीन अधिकारी : श्री सांवरमल रेगर (आर.ए.एस)
वादी : डुंगरसिंह व अन्य प्रतिवादीगण : भगवतसिंह व अन्य
राजस्व वाद संख्या : 53/2023
दावा बाबत् खातेदारी हक घोषणा व बंटवाडा

प्रतिवादी
01 भगवतसिंह पुत्र शैतानसिंह, 02. सायर कंवर धर्मपत्नि केसरसिंह 03. रसाल कंवर पत्नि हनुमानसिंह 04. नन्दा कंवर पुत्री शैतानसिंह, सभी जातियान राजपुत, निवासीगण निम्बला, तहसील भाद्राजून जिला जालोर 05. गोपल कंपर पुत्री शैतानसिंह पत्नि नारायणसिंह, जाति राजपूत निवासी निम्बला , हाल चरपटीया, तहसील मारवाड जंकशन जिला पाली कि डुंगरसिंह व अन्य ने आपके खिलाफ एक दावा बाबत् खातेदारी हक घोषणा व बंटवाडा का प्रस्तुत किया है लिहाजा आपको इस नोटिस के जरिए सूचना दी जाती है कि आप बुधवार, दिनांक 12/03/2025 को दिन के 10:00 बजे अदालत हाजा मे व्यक्तिगतरुप से या अपने किसी प्रतिनिधि के माध्यम से इस वाद के सम्बन्ध मे तथ्यो से भिज्ञ हो व वाद के सम्बनध मे पुछे जाने वाले प्रशनो का उत्तर दे सके उपस्थित आवे व साथ ही दिन दस्तावेजो पर आप अपनी प्रतिरक्षा को स्थापित करना चाहते है उन्हे भी उसी रोज आपको ज्ञान रहे की आप या आपके प्रतिनिधि की उपस्थिति के अभाव मे उक्त अनवान वाद आपकी अनुपस्थिति में सुना व निर्णित किया जावेगा । यह सुचना मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 24/02/2025 को जारी किया गई ।

रीडर
मोहर सहायक कलेक्टर (एस.डी.ओ)
आहोर, जिला - जालोर (राज.)

## कालिका व पुलिस टीमों का कार्य अच्छा : विनिता ठाकुर

**जोधपुर**, (कासं) । प्रदेश की अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (आवासन) आईपीएस बिनीता ठाकुर ने कहा कि कालिका टीम के साथ साथ पुलिस की बाकी टीम भी अच्छा कार्य कर रही है। पुलिस मुख्यालय द्वारा जो सुविधाएं दी जा रही है, उसका पुलिस आयुक्तालय द्वारा पूरा उपयोग किया जा रहा है। वे आज जोधपुर में पुलिस के वार्षिक निरीक्षण कार्यक्रम के समय में पत्रकारों से बातचीत कर रही थी। एडीजी विनिता ठाकुर ने कहा कि नई गाडियां, इंटरसेप्टर और जो वाहन दिए गए है उनका अच्छे से उपयोग हो रहा है। एफएसएल की जो सुविधाएं बहुत अच्छी है। एफएसएल टीम अच्छा कार्य कर रही है। यहां जो डोमोशटेशन हुआ है उसमें देखा गया है। ओवर ऑल बहुत अच्छा काम हो रहा है।

उन्होंने कहा कि उनके द्वारा आज यहां जोधपुर में पुलिस का वार्षिक निरीक्षण किया जा रहा है। जो डोमेटेशन दिखाएं गए है वो बहुत ही सराहनीय है। पुलिस कर्मियों की समस्याओं को भी देखा जा रहा है। यहां के अधिकारियों से बात कर समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

### आयुक्तालय व डी.सी.पी. ऑफिस का निरीक्षण

एडीजी विनिता ठाकुर ने कहा कि वार्षिक निरीक्षण के साथ पुलिस आयुक्तालय एवं डीसीपी कार्यालयों का भी निरीक्षण किया जाएगा। रिहायशी होटलों में अवलोकन किया जाएगा। जोधपुर कमिश्नरेट का दो दिवसीय वार्षिक निरीक्षण कार्यक्रम आज से शुरू हो गया। वार्षिक निरीक्षण करने के लिए अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (आवासन) आईपीएस बिनीता ठाकुर बुधवार को जोधपुर पहुंची।एडीसीपी (मुख्यालय) नाजिम अली ने बताया कि 6-7 मार्च को होने वाले पुलिस कमिश्नरेट के वार्षिक निरीक्षण को लेकर पुलिस लाइन में वार्षिक परेड की कमांड डीसीपी (यातायात/मुख्यालय) अमित जैन ने की। इसमें पांच प्लाटून की अगुवाई में वार्षिक परेड हुई। इसमें पहली प्लाटून में कमांडर एडीसीपी (मुख्यालय) नाजिम अली, दूसरी प्लाटून में कमांडर एसीपी (सेंट्रल) मंगलेश चूंडावत, तीसरी प्लाटून में कमांडर सरदारपुरा थाने की एसआई रिंकू, चौथी प्लाटून में कमांडर एसआई (यातायात) सुनिता और पांचवीं प्लाटून में कमांडर महामंदिर थाने के एसआई जसवंत सिंह ने की।

## गिव-अप अभियान में नाम नहीं हटाने पर 105 नोटिस

**जालोर**, (कासं)। रसद विभाग द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में 'गिव-अप अभियान' के तहत योजना का लाभ स्वेच्छा से नहीं छोडने वाले 20 अपात्र परिवारों को 6 मार्च को वसूली नोटिस जारी किए गए हैं। जिले में अब तक वसूली के लिए 105 नोटिस जारी किए जा चुके हैं।

जिला रसद अधिकारी एवं जिला उपभोक्ता संरक्षण अधिकारी आलोक झरवाल ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में अपात्र लाभार्थियों को स्वैच्छिक रूप से लाभ त्याग करने को लेकर सरकार द्वारा प्रारंभ किए गए 'गिव-अप अभियान' के तहत जिले में अब तक 4070 परिवारों के कुल 14718 सदस्यों ने जिला रसद कार्यालय में आवेदन किया है एवं अब तक जिले में 834 उपभोक्ता स्वेच्छा से गिव अभियान में विभाग की वेबसाइट से ऑनलाइन आवेदन कर अपनी पात्रता छोड चुके हैं। यह योजना 31 मार्च, 2025 तक प्रभावी है।

31 मार्च तक त्याग नहीं करने वाले अपात्र लाभार्थियों के विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। जानकारी के अनुसार उक्त योजना से नाम हटाने के लिए 31 मार्च तक संबंधित व्यक्ति को अपनी उचित मूल्य दुकान या जिला रसद कार्यालय जालोर पर जाकर निर्धारित फार्म भरना होगा अथवा विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर लाभ का त्याग कर सकते है।

**कार्यालय कोषाधिकारी जालोर**

क्रमांक / कोष / स्टोर / 2024 /696 दिनांक: 06/03/2025

**खुली बोली आंमत्रण सूचना 04/2024**

कोषालय जिला जालोर कार्यालय के उपयोग हेतु नवीन डेस्कटॉप कम्प्यूटर / प्रिन्टर क्रय हेतु पंजीकृत / अधिकृत विक्रेताओं / निर्माताओं से सीलबंद लिफाफों मे बोलियां (Bid) निर्धारित शर्तो के बोली दिनांक 06.03.2025 से दिनांक 17.03.2025 को प्रात: 11:00 बजे तक बेची जाकर उसी दिन दोपहर 1:00 बजे तक प्राप्त कर सांय 4:00 बजे खोली जावेगी, जिसकी अनुमानित लागत 950000/- रुपयें है । विस्तृत बोली आमंत्रण सूचना http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है ।

**UBN No.- CJL2425GSOB00009**

कोषाधिकारी
जालोर